राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि / 2019 / 722 दिनांकः 11/12/19

प्रेस विज्ञप्ति

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि राजस्थान विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षान्त समारोह Convocation Centre, University of Rajasthan, Jaipur में आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न विषयों में 2017 एवं 2018 की परीक्षा में प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र / छात्राओं तथा दिनांक 01.09.2017 से 31.07.2019 तक के पीएच. डी. धारकों को उपाधियॉं एवं गोल्ड मेडल वितरित किये जायेंगे। जो छात्र / छात्रायें उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्राप्ति के लिये दीक्षान्त समारोह में शामिल होने के इच्छुक हैं वे स्नातक / स्नातकोत्तर की अंतिम वर्ष की अंकतालिका की प्रमाणित छायाप्रति एवं वैध पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि) के साथ अनुभागाधिकारी, उपाधि अनुभाग, सरदार पटेल भवन, राजस्थान विश्वविद्यालय के कमरा नं0 111 में तथा पीएच.डी. उपाधि हेतु प्रोविजनल प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति मय वैध पहचान पत्र के साथ उप–कुलसचिव (शोध) के कमरा नं0 113 एवं 116 में दिनांक 16.12.2019 को सांय 4.00 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर अपलोड प्रपत्र में अपनी फोटो के साथ सहमति हेतु आवेदन–प्रपत्र भर कर प्रस्तुत कर सकते हैं या इच्छुक छात्र / छात्राऐं निम्न ईमेल आई.डी.–शोध छात्र / छात्राओं के लिये **drshodhuniraj@yahoo.in** एवं गोल्ड मेडल के छात्र / छात्राओं के लिये **dyregistrardegree@gmail.com** पर भी अपनी सहमति निर्धारित प्रपत्र मय आवश्यक प्रमाण पत्र की स्केन कॉपी के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। समारोह में शामिल होने के इच्छुक छात्र / छात्राओं को निर्धारित ड्रेस कोड में समारोह के दिन आवेदन–प्रपत्र के अनुसार अपने स्वयं की फोटो आई.डी. भी लाना अनिवार्य होगा। उक्त दिनांक के पश्चात् किसी भी छात्र का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। डिग्री / मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड निम्नानुसार हैः–

(1) पुरूष : सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा / पेन्ट–शर्ट / धोती–कुर्ता तथा काले जूते।
(2) महिला : सफेद साडी / सलवार सूट, मैरून कलर का बार्डर व ब्लाऊज एवं चुन्नी / दुपट्टा एवं मैरून कलर के सैन्डिल।

1. समस्त शोध छात्रों की उपाधियॉं एवं गोल्ड मेडल प्राप्त कर्ताओं को प्रवेश पत्र (Admit Card) निम्न केन्द्रों से समय 7.30 बजे से 9.30 बजे तक वितरित किये जावेंगेः–

	संकाय	स्थान
(A)	कला	मानवीकी पीठ, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
(B)	वाणिज्य	पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
(C)	समाजिक विज्ञान	पी.जी. स्कूल ऑफ सोशल साईंस, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
(D)	विज्ञान	वनस्पति शास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
(E)	शिक्षा, विधि, प्रबन्ध एवं ललित कला	सेंटर फॉर कनवर्जिंग टेक्नोलोजी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
(F)	गोल्ड मेडल	भौतिकशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

2. राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्रों की उपाधियॉं विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों एवं सम्बन्धित कॉलेजों में अपरान्ह 2.00 बजे से 4.30 बजे तक वितरित की जावेंगी।

3. उपरोक्त के अलावा राजस्थान विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उपाधि वितरण का कार्य दिनांक 20.12.2019 से प्रारम्भ किया जावेगा।

कुलसचिव

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2019/ 723-52 दिनांकः 11/12/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, संबंधित विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि प्रेस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट (Hotlink) पर अपलोड करें।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, राज.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान के मुख्य समाचार पत्रों (दैनिक भास्कर व राजस्थान पत्रिका) के सातों जिलों के संस्करण में प्रेस विज्ञप्ति के रूप में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
5. उपकुलसचिव, शोध, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

परीक्षा नियंत्रक